तापमान
अधिकतम 36.1 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 सितंबर 2025

10 डॉ. नरूला समरक्षण योद्धा अवॉर्ड से सम्मानित



11 लगातार हो रही बारिश से सांपला की सड़क बनी...






GD GOENKA
TODDLER HOUSE
Early Learning | Kindergarten | Day Care
SECTOR-36 SUNCITY, ROHTAK

Mid Term Admission Open
Session 2025-26

HAPPY TEACHERS' DAY 2025

Why Choose us?
» International Curriculum.
» Montessori materials used for hands on Learning for children.
» Audio/Visual Rooms & Robotics Lab.
» Trained and well-groomed teachers.
» AC transportation for Pick-up and drop.
» Activities are age appropriate.
» Clean and hygienic environment.
» Well trained support staff.
» Fresh and hot cooked meals.
» Air-conditioned rooms with child friendly furniture for activities.

gdgoenkatoddler.rohtak@gmail.com



गुरु बिन न ज्ञान मिले,
गुरु बिन न दिशा निर्देश,
गुरू ही सर्वोपरि है,
गुरु ही ब्रह्मा विष्णु महेश।

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जी.डी. गोयनका टोडलर के निदेशक श्री बलराज सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते रोहतक के उपायुक्त धर्मेन्द्र सिंह



Anamika Balhara
Principal
Gd Goenka Toddler House

Near Water Tank, C-Block, Sec.-36 Suncity, Rohtak-124001
7056480005, 7056580005


नगर निगम ने जारी किए टेंडर

# शहर में 25 करोड़ से होंगे विकास कार्य



» जल्द ही पार्षदों के नाम के बोर्ड नगर निगम लगवाएगा

» पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर एवं मेयर रामअवतार वाल्मीकि मीटिंग को सम्बोधित करते हुए।

**रोहतक।** शहर में विकास कार्यों को गति देने के लिए नगर निगम ने प्रयास तेज कर दिए हैं। पिछली हाउस की मीटिंग में पास किए गए विकास कार्यों के बाद 25 करोड़ के टेंडर जारी किए गए हैं।

सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों को लेकर कैनाल रेस्ट हाउस में बृहस्पतिवार को बैठक हुई। मेयर रामअवतार वाल्मीकि और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने बैठक की अध्यक्षता की। मीटिंग में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने बताया कि निगम की तरफ से शहर के विकास के लिए पिछली सदन की बैठक में सभी वार्डो के विकास कार्य करवाने के बारे में प्रस्ताव पास किया गया था। टेंडर प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। पार्षदों ने शहर की सफाई व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की।

## शहर से बाहर होंगी डेयरियां

पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि रोहतक शहर को 'हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025' में प्रथम स्थान पर लाने के लिए सभी मिलकर सामूहिक प्रयास करें। रोहतक शहर को स्वच्छ रखना आपकी भी जिम्मेदारी है। बैठक में पार्षदों की तरफ से शहरी एरिया में चल रही डेयरियों को शहर से बाहर शिफ्ट करने के बारे अवगत करवाया गया। इस बारे में सभी पार्षदों को आश्वासन दिया है कि नगर निगम के अधिकारियों के साथ कार्यवाही करने पर जल्द ही चर्चा कर डेयरियों को शहर से बाहर शिफ्ट किया जाएगा। मेयर ने कहा कि सभी वार्ड पार्षद अपने वार्ड की सड़कों और गलियों बड़े रैंप और चबूतरों से किए गए अतिक्रमण को चिह्नित करें। इसकी लिस्ट नगर निगम को सौंपे। निगम के अधिकारी अभियान चलाकर इन्हे हटवाएगा।

# सरकारी व निजी स्कूल तथा आंगनवाड़ी केंद्र आगामी आदेशों तक रहेंगे बंद

**रोहतक।** जिला मजिस्ट्रेट एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रोहतक के चेयरमैन सचिन गुप्ता ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अंतर्गत निहित्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी व निजी स्कूलों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों को बंद करने के निर्देश दिए है। जिला मजिस्ट्रेट सचिन गुप्ता द्वारा जारी आदेशों के अनुसार नागरिकों को घर पर ही रहने की सलाह दी गई है और कहा गया है कि वे अनावश्यक यात्रा न करें।

**डीसी के कड़े निर्देश**

» *नदी किनारों, संवेदनशील पुलों एवं नालों के साथ निचले हिस्सों से भी बचने की सलाह दी गई है।*

» *नागरिक एवं राहत कार्य के लिए नगर निगम/समितियां, सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी, एचएसवीपी और पीएचईडी के अधिकारी/कर्मचारी हाई अलर्ट पर रहेंगे।*

» *आपातकालीन व स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन को स्वास्थ्य विभाग संवेदनशील गांवों में मोबाइल चिकित्सा इकाइयां तैनात करेगा।*




बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी
अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा)
Established under Haryana Private Universities Act, 2006
Recognized by the UGC under 2(f) and Member, Association of Indian Universities (AIU)
9053066601 | www.bmu.ac.in



महंत बालकनाथ योगी
Chancellor, BMU

Zero Admission Fee* BMU SCHOLARSHIP PROGRAMS
or Free Laptop*
Eligibility Criteria
Marks 85% Above | Scholarship Upto 50%
Scholarship: Sibling, Single Girl Child, Physical Handicapped
Discount Upto 25% OFF

Admissions Open 2025-26

Programmes Offered by the University for Session 2025-26

| Programme | Fee Per Sem. |
|---|---|
| **FACULTY OF AYURVEDA** | |
| BAMS | 2,25,000/- |
| **FACULTY OF NURSING** | |
| ANM/GNM | -------- |
| B.Sc. Nursing | 1,05,000/- |
| Post Basic B.Sc. Nursing | 50,000/- |
| **FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES** | |
| D.Pharmacy | 37,500/- |
| B.Pharmacy | 45,000/- |
| M.Pharmacy | 50,000/- |
| **FACULTY OF PHYSIOTHERAPY** | |
| BPT/ MPT | 45,000/- |
| B.Sc. MLT | 31,000/- |
| Bachelor of Optometry | 31,000/- |
| **FACULTY OF SCIENCES** | |
| B.Sc. (Physical Sciences) (Physics, Chemistry, Mathematics) | 11,000/- |
| M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics) | 21,000/- |
| B.Sc. (Life Sciences) (Botany, Zoology, Chemistry) | 11,000/- |
| M.Sc. (Botany, Zoology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Bio-Technology) | 11,000/- |
| M.Sc. (Bio-Technology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Hons.) Agriculture | 31,000/- |

| Programme | Fee Per Sem. |
|---|---|
| **FACULTY OF LEGAL STUDIES** | |
| B.A.L.L.B • LL.B • LL.M | 27,500/- |
| **FACULTY OF MANAGEMENT AND COMMERCE** | |
| BBA | 15,000/- |
| BCA | 17,500/- |
| MBA • MCA | 26,000/- |
| B.Com. • M.Com. | 11,000/- |
| **FACULTY OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY** | |
| B.Tech. (CSE, ME, CE) | 30,000/- |
| M.Tech. (CSE, CE) | 30,000/- |
| **FACULTY OF HUMANITIES AND LIBERAL EDUCATION** | |
| B.A. • B.A. (Hons.) English • B.A. Journ. & Mass Comm. • B.Lib. & Info. Sci • M.Lib. & Info. Sciences • M.A. (English, Hindi, Journalism & Mass Comm., History, Economics, Sociology, Geography, Political Science) | 11,000/- |
| M.A. Sanskrit • Shastri (UG) | 2,500/- |

Ph.D. (All Streams) As Per UGC Norms.
B.Ed. ₹ 22,000/- (Fee Per Sem.) *Affiliated with MDU,Rohtak

New Programmes
VLDD (Diploma in Veterinary) | B.Sc. Nursing | B.Sc. (Hon.) (Agriculture)

Application Fee - 1000 || Admission Fee UG-7500, PG-12500 || Exam Fee- UG-2500, PG-3000 || Hostel Fee 70000 Per Year
*Terms & Conditions Apply





SCHOLARS ROSARY
Edu Initiatives, Rohtak

'O, Teacher!'

You are the guiding light, the mentor and the torch-bearer, who guides us along the path of uncertainties and leads us to our goal.

You clear the thorns of distraction and confusion and make our path a bed of roses. But for your guidance, our efforts would be futile. Your motivation and your condence in our abilities have made the climb to success surmountable!

'O Teacher', We Salute You!

SCHOLARS ROSARY SENIOR SECONDARY SCHOOL
Village Bohar, Sonipat Road, Rohtak
M. 8930122222, 7082404804

SCHOLARS ROSARY PREPARATORY SCHOOL
Sonipat Road, Rohtak
M. 7419023451, 7419023452

SCHOLARS ROSARY BLOSSOMS
Sector - 3(P), Near HUDA, Rohtak
M. 7419023454, 7419023455

SCHOLARS ROSARY IMPERIAL CAMPUS
Sector - 34-A, Suncity, Rohtak
M. 8907422222, 8907522222

scholarsrosary.co.in | scholarsrosaryofficial

# सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई, 26 दुकानदारों के किए चालान

- कपड़े, जूट अथवा अन्य पर्यावरण अनुकूल थैलों का करें प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


रोहतक। नगर निगम की टीम ने काटे चालान। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम द्वारा हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 को सफल बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। निगम विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक व संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह ने सेक्टर-3 सब्जी मण्डी का निरीक्षण किया। इस दौरान मंडी में उपस्थित नागरिकों एवं दुकानदारों को जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। लोगों से अपील की गई कि वे कपड़े, जूट अथवा अन्य पर्यावरण अनुकूल थैलों का उपयोग करें। नगर निगम की टीम द्वारा मौके पर सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 26 चालान 7000 रुपये के किए गए। अब नगर निगम की टीमें बाजार एंव सब्जी मण्डियों का निरीक्षण करेंगी तथा नियमों का अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए चालान करेंगी। आयुक्त डॉ आनंद शर्मा ने बताया कि शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। सभी नागरिकों और मार्केट एसोसिएशन से अपील की गई कपड़े, जूट अथवा अन्य पर्यावरण अनुकूल थैलों का ही प्रयोग करें। वे इस अभियान में निगम का सहयोग करें।

## डॉ. नरूला समरक्षण योद्धा अवॉर्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक की डॉ. ईशा नरूला, चीफ ऑफ फीटल मेडिसिन, नरूला डायग्नोस्टिक सेंटर (रोहतक एवं गुरुग्राम) को राष्ट्रीय समरक्षण सम्मेलन 2025 में प्रतिष्ठित "समरक्षण योद्धा अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके अभिनव और प्रभावशाली कार्यों के लिए दिया गया। फीटल मेडिसिन की अग्रणी विशेषज्ञ डॉ. नरूला ने भारत में प्रसवपूर्व देखभाल को नई दिशा दी है। उन्होंने गर्भावस्था में केंद्रित और समय पर किए जाने वाले अल्ट्रासाउंड परीक्षणों की आवश्यकता पर लगातार बल दिया है। यह प्रस्ताव अब एक गेम-चेंजर माना जा रहा है, जिससे प्री-एक्लेम्पसिया और समयपूर्व प्रसव जैसी जटिलताओं की समय रहते पहचान और सफल प्रबंधन संभव हुआ है। उनकी क्लिनिकल पहल और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को उल्लेखनीय रूप से घटाया है और जन्म परिणामों को बेहतर बनाया है।


रोहतक। डॉ. ईशा नरूला को समरक्षण योद्धा अवॉर्ड से सम्मानित करते आयोजक।

## श्री दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण महापर्व पर श्रद्धालुओं ने मनाया 'उत्तम त्याग धर्म दिवस'


**रोहतक।** सराय मोहल्ला स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण महापर्व के आठवें दिन 'उत्तम त्याग धर्म दिवस' श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। सुबह से ही मंदिर में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कई श्रद्धालुओं ने निर्जला व्रत और एकाशना व्रत रखकर विशेष तप किया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि प्रातः 6 बजे भगवान पार्श्वनाथ का जलाभिषेक और महाशांति धारा गौतम जैन ने परिवार सहित संपन्न की। इसके बाद पंडित हरेन्द्र शास्त्री ने समुच्य पूजन, सोलह कारण पूजन, रत्नत्रय पूजन, दशलक्षण धर्म पूजन तथा भगवान महावीर स्वामी के महाअध्य का आयोजन कराया। श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में चढ़ावे अर्पित किए और शंभु स्त्रोत का पाठ किया। अंत में संगीतमय महाआरती की गई। समाजसेवी व उद्योगपति राजेश जैन ने कहा कि दान और त्याग में अंतर है। कषाय, मोह, राग-द्वेष और अहंकार का त्याग करना ही सच्चा धर्म है।

**ये रहे मौजूद:** मौके पर मंदिर प्रधान अतुल जैन, अजय जैन, शैलेन्द्र जैन, अनुराग जैन, गोलू जैन, अनुज जैन, सतीश जैन बैंक वाले, राजीव जैन नानक, विकास दलाल, रोहित जैन, अजीत जैन, कुनाल जैन, सुनील जैन, अनिल जैन बैंक वाले अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

































## चार लाख की ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने आर्म लाइसेंस बनाने के नाम पर हुई 4 लाख रुपये की ठगी के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। शहर थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि गांव डोभ निवासी अंकित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि अंकित गाड़ी को किराए पर चलाने का काम करता है। अंकित अपनी गाड़ी की सर्विस करवाने के लिए मीनू की एजेंसी पर आता जाता रहता था। मई 2024 में मीनू ने अपने दोस्त नवीन को अंकित से मिलवाया। मीनू ने अंकित को बताया कि नवीन आर्म लाइसेंस बनवाता है। अंकित ने उनकी बातों में आकर अपना व अपने भतीजे के का आर्म लाइसेंस बनवाने बारे बात की।




### पानी को देखकर वैकल्पिक मार्ग खोज रहे वाहन चालक

# लगातार हो रही बारिश से सांपला की सड़क बनी तालाब, कई वाहन बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

इलाके में लगातार हो रही बारिश से सड़कें भी तालाब का रूप धारण कर रही है। कस्बे के अलग-अलग मार्गों पर पानी भर गया। जिसे आवागमन भी बाधित है। रेलवे फाटक के पास वार्ड 13, बाजार से बहादुरगढ़ की तरफ जाने वाले मार्ग पर कई फुट पानी भर गया।

जिसकी वजह से नई अनाज मंडी जाने वाले और बहादुरगढ़ की ओर से आवागमन करने वाले लोगों भी पानी से गुजरा पड़ रहा है। इसके अलावा नेशनल हाईवे नंबर 9 बहादुरगढ़ बाईपास के पास आधा किलोमीटर तक कई कई फुट पानी भर गया है। अधिक पानी होने की वजह से कई गाड़ियां उसी में रुक गई और वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा झज्जर मार्ग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास भी सड़क पर दो से तीन फुट तक पानी भरा हुआ है। लोगों को अस्पताल में जाने की दिक्कत हो रही है। पानी निकासी के लिए पंप लगा रखा है। बारिश पानी कम नहीं होने दे रही। इसके अलावा सांपला बाईपास ब्रिज के सर्विस रोड पर भी पानी भर गया। इन हालातो को देखते हुए प्रशासन के पानी निकासी के दावे सभी फेल नजर आ रहे हैं।



### फरमाणा बादशाहपुर के जलघर में भरा पानी

महमखंड महम के फरमाणा बादशाहपुर गांव के जलघर में बरसाती पानी जमा हो गया है। जिस वजह से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांववासी बिट्टू सहारण ने बताया कि गांव के लोग पिछले कई दिन से परेशान हैं। क्योंकि यहां पर मीठे पानी का ट्यूबवैल लगा हुआ है, जिस पर से गांव की महिलाएं पीने का पानी भरकर लाती थी।


जलघर परिसर में जमा बारिश का पानी।

## जीएसटी कम करने से आमजन को मिलेगा लाभः खरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


शमशेर खरक

भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) की दरों में कमी किए जाने से आमजन को बड़ी राहत मिली है। इससे न केवल महंगाई पर नियंत्रण में मदद मिलेगी बल्कि लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी पनपने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी कम होने से वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में कमी आएगी, जिससे उपभोक्ताओं को सस्ते दामों पर सामान व सेवाएं उपलब्ध होंगी और उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी। साथ ही, वस्तुओं व सेवाओं की मांग भी बढ़ेगी, जिससे बाजारों में खपत और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। भाजपा नेता खरक ने कहा कि दरों में कमी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के सपने को साकार करने में मदद मिलेगी। छोटे और मध्यम उद्यमों पर कर का बोझ घटेगा, उनकी लागत कम होगी और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बन पाएंगे। इससे देश के निर्यात में वृद्धि होगी और अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी।



## वन विभाग द्वारा लगाए गए सफेदे के पौधे भी पानी की चपेट में आए

**रोहतक।** गांव मोखरा में लगातार बारिश से किसानों की जमीन पर लगाए गए सफेदा के पौधे भी जलभराव की चपेट में आ गए हैं। गांव के किसान महेंद्र, महावीर, रामअवतार, प्रदीप, सुरेश और मंदीप सहित कई किसानों ने बताया कि उन्होंने करीब 40 एकड़ जमीन पर वन विभाग से रिज बनवाकर सफेदा के पौधे लगाए थे, लेकिन इस बार हुई अधिक बारिश के चलते लगभग 25 एकड़ में लगे पौधे पानी में डूब गए। किसानों ने चिंता जताते हुए कहा कि यदि जल्द ही पानी की निकासी नहीं की गई तो अधिकांश पौधे खराब हो जाएंगे। किसानों ने सरकार और प्रशासन से अपील की है कि जलभराव की स्थिति को तुरंत दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि पौधों को बचाया जा सके और नुकसान से राहत मिल सके।

## डिजिटल साक्ष्यों की सुरक्षा के लिए नया पेटेंट



**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड ऐप्लिकेशंस विभाग के शोध कार्य को भारत सरकार ने साइबर क्राइम और डिजिटल फ्रॉड से निपटने की दिशा में एक क्रांतिकारी आविष्कार के लिए पेटेंट प्रदान किया है। इस महत्वपूर्ण शोध कार्य का नेतृत्व कंप्यूटर साइंस एंड ऐप्लिकेशन्स विभाग की शोधार्थी दीप्ति रानी, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल और विभागाध्यक्ष प्रो. प्रीति गुलिया ने किया है। कंप्यूटर साइंस एंड ऐप्लिकेशन्स विभाग "डिजिटल इमेज एविडेंस एनक्रिप्शन फॉर सिक्योर एंड टेम्पर-प्रूफ डिजिटल फॉरेंसिक्स इन आईओटी शीर्षक से यह पेटेंट भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। शोधार्थी दीप्ति रानी ने बताया कि यह आविष्कार एक तीन-स्तरीय प्रक्रिया प्रस्तुत करता है, जिसमें डिजिटल अपराध साक्ष्यों को पहले उन्नत गणितीय एल्गोरिदम द्वारा एनक्रिप्ट किया जाता है और फिर ब्लॉकचेन नेटवर्क पर सुरक्षित रखा जाता है। इस तकनीक से न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्य छेड़छाड़-रोधी, प्रामाणिक और पूर्णतः सत्यापनीय रहेंगे।

## जीएसटी सुधारों का व्यापार संगठन ने किया स्वागत : गुलशन डंग



**रोहतक।** राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में किए गए सुधारों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी कांग्रेस पार्टी के लगातार दबाव और प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के निरंतर विरोध का परिणाम है। गुलशन डंग ने बताया कि नई दिल्ली में आयोजित जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी स्लैब को सरल करते हुए अब केवल दो दरें-5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत-रखी हैं, जबकि 12 और 28 प्रतिशत वाले स्लैब समाप्त कर दिए गए हैं। इससे कई आवश्यक वस्तुएं सस्ती हो गई हैं। व्यापारी नेता ने कहा कि यह कदम न केवल उद्योगपतियों और व्यापारियों के लिए, बल्कि आम उपभोक्ताओं के लिए भी राहत लेकर आया है। साबुन, साइकिल, टीवी, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसी जैसी वस्तुओं व सेवाओं पर कर घटने से आम आदमी की जेब पर बोझ कम होगा। डंग ने कहा कि नई दरों से लागत अनुमान आसान होगा, निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और कीमतों में कमी आने से बाजार में खपत बढ़ेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि अब जीएसटी पोर्टल पर अक्सर आने वाली सर्वर डाउन की समस्या का भी समाधान किया जाए।





















S.R.S. PUBLIC SCHOOL
Affiliated C.B.S.E. New Delhi (Code No. 530323)
The Best Way to Predict The Future is to Create it
आप सभी को 30वें हरिभूमि के स्थापना दिवस एवं शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती निर्मल शर्मा
डायरेक्टर
DELHI ROAD, ROHTAK
IMT Sec-30 B, Adjacent Asian Paints Pvt. Ltd., Rohtak, India, Haryana
Contact for
9992700255, 9992700642
9896302035

# गांव खरकड़ा में गिरा मकान

**दो बच्चे घायल, प्राथमिक उपचार के बाद मिली छुट्टी**





■ पीड़ित परिवार ने प्रशासन और सरकार से मुआवजे की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम क्षेत्र में पिछले कई दिन से हो रही बारिश की वजह से आम जनमानस परेशान है। लोगों को जहां पशुओं के लिए चारे आदि की व्यवस्था करने में दिक्कत आ रही है, वहीं रोजमर्रा के काम काज भी प्रभावित हो रहे हैं। बारिश की वजह से लोगों की फसलें खराब हो गई हैं। कई गांवों की बाहरी बस्तियों के पास पानी जमा हो गया है। बुधवार को खरकड़ा गांव में मजदूर का मकान गिर गया। जिस वजह से घर के अंदर प्रवेश कर रहे दो बच्चे जख्मी हो गए। घायल बच्चों को महम के उपमंडल नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

### बच्चों को गुम चोट ज्यादा

खरकड़ा गांव निवासी सुनील कुमार दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है। सुनील की पत्नी सीमा ने बताया कि उसके 5 बच्चे हैं। तीन बच्चे अंदर उनके पास थे जबकि दो बच्चे बाहर से आए थे। जैसे ही बच्चे घर के अंदर आए ऊपर से घर की छत उनके ऊपर गिर गई। दोनों बच्चों को काफी चोट लगी है। घावों और खरोंच आदि का तो चिकित्सकों ने उपचार कर दिया है, जबकि बच्चों को गुम चोट ज्यादा है।

### मजदूरी करता है परिवार

सीमा ने बताया कि उनके पति दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करते हैं। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने कहा है कि वे गरीब परिवार से हैं, उनके पास मकान बनाने के लिए पैसा नहीं है। जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता से मकान का निरीक्षण करवाकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है ताकि वे अपना आशियान ठीक करवा सकें।

## सराय अहमद की अवैध कॉलोनी में तोड़े 3 स्ट्रक्चर



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा रोहतक नियनत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से किये जा रहे निर्माणों/कालोनियों को गिराने का निरंतर अभियान जारी है। इस अभियान में जिला के गांव सराय अहमद में 1 अवैध कॉलोनी में 3 ढांचों को तोड़ा गया। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिला में अवैध निर्माण अथवा अवैध कॉलोनियों को नहीं पनपनें दिया जाएगा। इस तोड़-फोड़ अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

## बरसात-जल भराव के मद्देनजर एडवाइजरी जारी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी वर्षा तथा कुछ हिस्सों में जलभराव की संभावनाओं को देखते हुए सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को सतर्क रहने तथा छात्रों, स्टाफ एवं अवसंरचना की सुरक्षा के लिए एहतियाती उपाय अपनाने के निर्देश दिए हैं। संस्थानों से अनुरोध किया गया है कि संस्थान परिसर के अंदर व आसपास हो रही वर्षा एवं जलभराव की स्थिति पर सतर्क निगरानी रखें। यदि जलभराव या संबंधित समस्याओं के कारण सामान्य कार्य प्रभावित होते हैं, सुरक्षा जोखिम उत्पन्न होते हैं या परिवहन में गंभीर कठिनाई होती है, तो इसकी सूचना तत्काल उपायुक्त कार्यालय अथवा जिला नियंत्रण कक्ष को अवश्य दें।

## दो युवकों को नशीले पदार्थ सहित दबोचा

**रोहतक।** पुलिस ने गाड़ी सवार दो युवकों को नशीले पदार्थो सहित काबू किया है। गाड़ी से 2 किलों 236 ग्राम चरस व 4 मोबाइल फोन बरामद हुआ। एएनसी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि उन्हें आरोपियों के बारे में गुप्त जानकारी मिली थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। सेक्टर-36 ए के पास से टेम्परेरी नम्बर प्लेट लगी हुई गाड़ी में सवार दो युवक नशीला पदार्थ बेचने के लिए किलोई की तरफ जाने वाले थे। तुंरत नजदीक निर्माणाधीन पेट्रोल पंप, आउटर बाईपास के पास नाकाबंदी करते हुए वाहनों की चेकिंग करनी शुरु की। काले रंग की आ रही गाड़ी में सवार दो युवकों को शक के आधार पर काबू किया गया। युवकों की पहचान नवीन उर्फ कालू निवासी किलोई व दीपक उर्फ मोहित निवासी काहनौर के रुप में हुई। तलाशी लेने पर गाड़ी से 2 किलों 236 ग्राम चरस व 4 मोबाइल फोन बरामद हुआ।



## सुपवा और सीबीएल राजकीय पॉलिटेक्निक भिवानी में समझौता

**रोहतक।** दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा) ने शैक्षणिक, अनुसंधान और सांस्कृतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए, चौधरी बंसी लाल राजकीय पॉलिटेक्निक, भिवानी के फैशन डिजाइन एवं फैशन प्रौद्योगिकी विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

समझौता ज्ञापन पर डीएलसी सुपवा के कुलपति डॉ. अमित आर्य और चौधरी बंसी लाल राजकीय पॉलिटेक्निक, भिवानी की प्राचार्य डॉ. गीता गुलिया ने दोनों पक्षों के वरिष्ठ संकाय सदस्यों और अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों के बीच सहयोग के व्यापक दायरे को रेखांकित करता है।

hartron
ISO 9001 : 2015
Enhance your talent...
HARTRON
SKILL CENTRE For
Computer Education & Training
ADMISSION OPEN-2025

| Sr. No. | Name of Course | Course Duration |
|---|---|---|
| 1. | Computer Hardware and Networking Associate | 52 (Weeks) |
| 2. | Course In Computer Application | 52 (Weeks |
| 3. | Course in Digital Accounting | 52 (Weeks |
| 4. | Course in Designing and Publishing | 52 (Weeks |
| 5. | Course in Web Technology | 52 (Weeks |
| 6. | Course in Software Development | 52 (Weeks |
| 7. | Advanced Course in Computer Application | 52 (Weeks |
| 8. | Digital Marketing Assistant | 26 (Weeks |
| 9. | Software Or Application Testing Assistant | 26 (Weeks |
| 10. | Assistant PHP Developer | 26 (Weeks) |
| 11. | Hardware Peripheral and Installation Assistant | 26 (Weeks |
| 12. | Application Development -Android | 26 (Weeks |
| 13. | Course in IT Foundation and Tools | 26 (Weeks |
| 14. | Certificate Course in Computer Basics & Accounting | 26 (Weeks) |
| 15. | Certificate Course in Web Designing and Multimedia | 26 (Weeks |
| 16. | C Language | 04 (Weeks |
| 17. | C Plus Plus With Oops | 08 (Weeks) |
| 18. | PHP With Mysql | 04 (Weeks) |
| 19. | Core Java | 06 (Weeks |
| 20. | Advance Java | 08 (Weeks |
| 21. | Financial Accounting | 06 (Weeks) |
| 22. | Autocad | 08 (Weeks) |
| 23. | Fundamentals of Cyber Security | 06 (Weeks) |
| 24. | Programming with Python | 12 (Weeks) |
| 25. | Fundamentals of Computer | 12 (Weeks) |

हरिभूमि के 30 वें स्थापना दिवस एवं शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
M.7206002575, 8929411222
Above IDBI Bank, Power House, Chowk, Rohtak

"YOU DARE TO DREAM, WE PROMISE TO FULFILL"
MAHENDRA MODEL SCHOOL
स्व. श्रीमती शशिकला सिंह
संस्थापिका
Co-Education, English Medium, CBSE Affiliated (530044)
महेन्द्रा मॉडल स्कूल के निदेशक व स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों की तरफ से
हरिभूमि के 30 वें स्थापना दिवस एवं शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
SECTOR-3, SONIPAT ROAD, ROHTAK-124001 (HARYANA)
Tel. 9254310771, 279681
E-mail: mahendramodelschool@gmail.com

VED MODEL
THE INTERNATIONAL SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E., New Delhi, Affiliation No. : 530545
Nigana Road, Kalanaur (Rohtak) 9812570640
E-mail : vedkalanaur@rediffmail.com, Website : www.vedmsss.co.in
Foundation Classes for :
IIT / AIIMS Aspirants (JEE/NEET)
आप सभी को हरिभूमि के 30वें स्थापना दिवस एवं शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Ved Parkash
Managing Director
URMIL JANGRA
Director
Mrs. Usha Rani Goswami
Principal

SINCE 1999
Amrit Bikaner
MISTHAN BHANDAR
SWEETS • BAKERY • RESTAURANT
Amrit Bikaner Misthan Bhandar
Sweets Bakery & Restaurant
→ BREAKFAST → LUNCH → DINNER
प्योरिटी और वैरायटी लाजवाब
सभी प्रदेशवासियों को हरिभूमि के 30 वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
NEAR RAJIV CHOWK, DELHI BYE PASS, ROHTAK
Ph. : 01262-262651, M. 7082397778
Near D-Park, Model Town, Delhi Road, Rohtak
Ph. : 01262-282856, M. 9896387660